आकाशवाणी श्री विजयपुरम

19.07.2026 समय : 1905

1. पी.वी. सिंधु ने रचा इतिहास, जापान ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।

2. अंडमान निकोबार कमांड द्वारा 'हिस्ट्री ऑफ द अंडमान एंड निकोबार आइलैंड्स – ए मिलिट्री पर्सपेक्टिव' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3. सामाज कल्याण निदेशालय के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्रॉस डिसएबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

4. खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कार्बाइंस कोव समुद्री तट में 'बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमांड द्वारा 'हिस्ट्री ऑफ द अंडमान एंड निकोबार आइलैंड्स – ए मिलिट्री पर्सपेक्टिव' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के ऐतिहासिक विकास और उनकी सामरिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। ऐतिहासिक अभिलेखों, सैन्य अभियानों और भू–राजनीतिक घटनाक्रमों के आधार पर भारत की रक्षा व्यवस्था में द्वीपसमूह की भूमिका का सैन्य दृष्टिकोण से विश्लेषण किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम, द्वितीय विश्व युद्ध और भारत की पहली त्रि–सेवा कमान के रूप में अंडमान निकोबार कमांड के विकास में द्वीपसमूह के योगदान को भी रेखांकित किया गया। अंडमान निकोबार कमांड के कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल विनीत मैकार्टी, एवीएसएम ने प्रस्तुति टीम के शोध और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के अध्ययन द्वीपसमूह की ऐतिहासिक और सामरिक विरासत को समझने तथा भारत की समुद्री सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

<><><><><><><>

ओलंपिक पदक विजेता ''पी. वी. सिंधु'' ने इतिहास रचते हुए ''जापान ओपन'' का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। सिंधु ने फाइनल में जापान की तीन बार की विश्व चौंपियन ''अकाने यामागुची'' को हराकर अपना पहला ''सुपर 750'' खिताब जीता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान ओपन 2026 में महिला सिंगल्स का खिताब जीतने पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस जीत को भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। श्री मोदी ने कहा कि पीवी सिंधु की यह जीत देश भर के युवा खिलाड़ियों को बैडमिंटन में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर पी. वी. सिंधु को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. मांडविया ने कहा कि जापान ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनकर सिंधु ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित है।

<><><><><><><>

जनजातीय कल्याण निदेशालय मुख्य भूमि के मान्यता प्राप्त अस्पतालों में 'अंडमान निकोबार द्वीपसमूह जनजातीय मरीजों को चिकित्सा उपचार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना' लागू कर रहा है। इस योजना के तहत, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से मुख्यभूमि रेफर किए गए पात्र निकोबारी अनुसूचित जनजाति मरीजों के इलाज के खर्च को पूरा करने के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना दिल की बीमारियों, किडनी, कैंसर और अन्य प्रमुख गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को कवर करती है। इस वित्तीय सहायता में चिकित्सा जांच, उपचार, दवाओं और परिवहन का खर्च शामिल है। योजना के तहत, उपचार और परिवहन की अनुमानित लागत का 90 प्रतिशत हिस्सा अग्रिम वित्तीय सहायता के रूप में जारी किया जाता है। शेष 10 प्रतिशत हिस्सा उपचार पूरा होने के बाद निर्धारित दस्तावेज जमा करने पर जारी किया जाता है। जो पात्र निकोबारी लाभार्थी इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, वे जनजातीय कल्याण निदेशालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, सिकंदराबाद ने समेकित क्षेत्रीय केंद्र तथा अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के सामाज कल्याण निदेशालय के सहयोग से हाल ही में 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्रॉस डिसएबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम श्री विजयपुरम स्थित उद्योग निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में विकास संबंधी विलंब और दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान, समय पर रेफरल तथा प्रारंभिक हस्तक्षेप के संबंध में प्रशिक्षित कर सामुदायिक स्तर पर समावेशी पुनर्वास सेवाओं को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाज कल्याण निदेशक रविंदर कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों में विकास संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक पहचान और समय पर उचित उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में हृषिकेश देशपांडे, पुनर्वास चिकित्सक, एनआईईपीआईडी, सिकंदराबाद ने विकासात्मक मापदंडों, विकास संबंधी विलंब की पहचान, क्रॉस–डिसएबिलिटी स्क्रीनिंग, ई–सानिध्य डिजिटल प्लेटफॉर्म, रेफरल प्रणाली तथा प्रारंभिक हस्तक्षेप की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुदान सहायता  के रूप में वित्तीय सहायता जारी करने के लिए द्वीप समूह के पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रत्येक पात्र संगठन को 25 हजार रूपये की अनुदान सहायता दी जाएगी। इसके लिए सांस्कृतिक संगठनों का एक पंजीकृत कार्यालय, कला, संस्कृति, राष्ट्रीय एकीकरण, सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करना और न्यूनतम एक वर्ष की अवधि से सक्रिय होना अनिवार्य है। इच्छुक संगठन अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ 18 अगस्त तक कला एवं संस्कृति निदेशक के पते पर जमा कर सकते हैं। आवेदन का निर्धारित प्रारूप प्रशासन और विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड या कला एवं संस्कृति निदेशालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, पर्यटन विभाग के सहयोग से पच्चीस और छब्बीस जुलाई को कार्बाइंस कोव समुद्र तट में 'बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन करेगा। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य बीच वॉलीबॉल को बढ़ावा देना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। सभी वॉलीबॉल खिलाड़ियों और टीमों से तेईस जुलाई तक वॉलीबॉल कोच अब्दुल खालिद से संपर्क कर अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय छोलदारी में कक्षा छठीं में शैक्षणिक सत्र 2027–28 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी 31 जुलाई तक निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम प्रकोष्ठ ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत अल्पकालिक मुफ्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित पाठ्यक्रमों में डिजिटल मित्र, फैशन डिजाइनर ऑटोमोटिव बॉडी पेंटिंग तकनीशियन और मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग तथा शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग वेल्डर शामिल है। इसमें प्रवेश के पात्र इच्छुक उम्मीदवार 28 जुलाई तक संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम सेल से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

उधर, डीब्रेट में लैटरल एंट्री के माध्यम से बी.टेक द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश के लिए समय–सारणी जारी की गई है। बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग,  बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और. बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 जुलाई को समय सारणी अनुसार आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी संस्थान के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>